# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## आवश्यक सूचना

**60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन में चालान के माध्यम से भुगतान के अतिरिक्त वैकल्पिक रूप में ऑनलाइन भुगतान की व्यवस्था**

1. पूर्व में विज्ञापित ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रकिया में रजिस्ट्रेशन के बाद चालान डाउनलोड कर भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी शाखा में नकद भुगतान करने का प्रावधान है। अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु ऑनलाइन भुगतान (Online Payment) की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है, जिसमें अभ्यर्थी स्टेट बैंक कलेक्ट के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर सकते है।
2. ऑनलाइन भुगतान हेतु पूर्व निर्धारित प्रकिया से Registration कर चालान डाउनलोड करेंगे। तदुपरांत 48 घंटे के बाद पुनः Login कर डैस बोर्ड पर बने टैब "Online Payment" पर क्लिक कर ऑनलाइन भुगतान करेंगे। विस्तृत जानकारी आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर संशोधित विस्तृत एवं आवश्यक निर्देश प्रदर्शित हैं।
3. **ऑनलाइन भुगतान (Online Payment) के लिए दिनांक–27.10.2016 तक किया गया रजिस्ट्रेशन ही मान्य होगा। दिनांक–27.10.2016 के बाद किये गये Registration में ऑनलाइन भुगतान की सुविधा नहीं मिलेगी।**
4. ऑनलाइन भुगतान में किसी प्रकार का इन्टरनेट व्यवधान/गलत भुगतान/असफल भुगतान Unsucessful Payment/ Transaction Status Failure के लिए आयोग उत्तरदायी नही होगा, तथा अभ्यर्थी को सुधार हेतु अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। ऐसी त्रुटियों की स्थिति में अभ्यर्थी तुरंत पूर्व में डाउनलोड किये गए चालान के माध्यम से भारतीय स्टेट बैंक के किसी भी शाखा में निर्धारित तिथि के अंदर नकद भुगतान कर आवेदन भरने की कार्रवाई करेंगे।
5. चालान के माध्यम से एवं ऑनलाइन भुगतान की प्रकिया से संबंधित संशोधित विस्तृत /आवश्यक निर्देश आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित हैं।
6. अभ्यर्थी Online Payment प्रकिया में किसी भी समस्या के सामाधान हेतु स्टेट बैंक के समन्वयक से दूरभाष संख्या–0612-2215102 पर संपर्क कर सकते हैं।

26/9/2016

अपर सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग पटना।

# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## संशोधित विस्तृत एवं आवश्यक निर्देश

**60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु निर्देशः–**

1. ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व आवेदक यह सुनिश्चित कर लेंगे, कि उनके पास कार्यरत E-mail ID तथा Mobile No. मौजूद है। **आवेदक उक्त E-mail ID तथा Mobile No. को भविष्य में सुरक्षित रखेंगे।** साथ ही आवेदक ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व विज्ञापन का अध्ययन अच्छी तरह से कर लेंगें। आवेदक सुनिश्चित हो लेंगे कि सभी वांछित प्रमाण पत्र मूल रूप से उनके पास ऑनलाइन आवेदन भरते समय उपलब्ध है।
2. आवेदक सर्वप्रथम BPSC के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in खोलेंगे, इसमें बायीं तरफ दिये गए टैब "Apply Online" पर क्लिक करेंगे। क्लिक करने के बाद नया पेज खुलेगा, इस पेज पर दिये गये टैब "B.P.S.C. Online Application" पर क्लिक करेंगे।
3. "B.P.S.C. Online Application" पर क्लिक करने के बाद ऑनलाइन से संबंधित पेज खुल जाएगा। इस पेज पर दो टैब "Online Registration" एवं "Login" दिखेंगे।
4. आवेदक "Online Registration" के टैब पर क्लिक करेंगे। जिस पद के लिए आवेदक आवेदन करना चाहते हैं, उसके सामने दिए गए Apply बटन पर Click करेंगे। Click करने के बाद Screen पर Registration Page आ जाएगा। आगे बढ़ने से पूर्व Registration पेज पर अंकित विज्ञापन संख्या एवं नाम से संतुष्ट हो लेंगें। यहाँ आवेदक अपना नाम, E-mail ID, Mobile No., जन्म तिथि, पता इत्यादि (उनसे संबंधित सभी सूचनाएँ) भरेंगे। Mobile No. एवं E-mail के Confirmation हेतु Registration Page में get OTP का Button है, जिस पर Click करने के बाद Mobile No. एवं E-mail ID पर अलग–अलग Code आएगा, जिन्हें get OTP Button के बगल के Boxes में भरना होगा। उसके बाद "Submit" बटन पर Click करेंगे। Click करने के बाद आवेदक के E-mail ID पर एक E-mail आएगा, जिसमें आवेदक का User Name, Password और Login Link होगा।
5. **आवेदक रजिस्ट्रेशन पेज के Submit बटन पर Click करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लेंगे कि उनके द्वारा भरी गयी सभी विवरणी/सूचनाएँ सुस्पष्ट एवं सही है। क्योंकि एक बार Submit होने के उपरांत किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है।** आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit बटन पर क्लिक करेंगें।
6. आवेदक परीक्षा शुल्क की राशि चालान के माध्यम से या ऑनलाइन भुगतान (Online payment) State Bank Collect के माध्यम से कर सकते है। संबंधित प्रक्रिया की विवरणी निम्नवत् है।

| **चालान के द्वारा भुगतान**<br>(Payment Through challan) | **ऑनलाइन भुगतान**<br>(Online Payment) |
|---|---|
| 1. आवेदक Registration के उपरांत तत्काल उसी समय User Name और Password से "Login" करेंगे। "Login" करने के उपरान्त डैश बोर्ड खुलेगा। आवेदक डैश बोर्ड पर नीचे बॉयी तरफ "Click for Download Challan" के बटन पर क्लिक करेंगे एवं चालान का प्रिन्ट लेकर निर्धारित शुल्क स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के किसी भी शाखा में जमा करेंगें।<br>2. निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त तत्काल उसी दिन आवेदक पुनः "Login" कर डैश बोर्ड पर नीचे "Update Challan/Online payment Details" में बने विभिन्न बॉक्स में चालान से संबंधित सभी जानकारी भरकर "Submit" बटन | 1. आवेदक Registration के उपरांत तत्काल उसी समय User Name और Password से "Login" करेंगे। "Login" करने के उपरान्त डैश बोर्ड खुलेगा। आवेदक डैश बोर्ड पर नीचे बॉयी तरफ "Click for Download Challan" के बटन पर क्लिक करेंगे एवं चालान डाउनलोड कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। ऑनलाइन भुगतान हेतु 48 घंटे बाद पुनः Login करेंगे एवं डैश बोर्ड पर नीचे बायीं तरफ "Online Payment" के बटन पर क्लिक करेंगे। क्लिक करने पर State Bank Collect का वेबसाईट खुल जाएगा जिसमे आवेदक पूर्व में डाउनलोड किए गए चालान में अंकित अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर भरेंगे जिससे आवेदक से संबंधित विवरणी यथा नाम,पिता/पति का नाम, |

60th to 62th Combined (Pre) Competitive Examination

| | |
|---|---|
| पर क्लिक करेंगे।<br><br>3. आवेदक बैंक में चालान जमा करने के उपरांत उससे संबंधित सभी विवरणी "Update Challan/Online payment Details" में दिनांक 31.10.2016 तक निश्चित रूप से भर लेंगे।<br><br>**<u>नोटः–"Update Challan/Online payment Details" के बॉक्स में आवेदक निम्न प्रकार से भरेंगे :–</u>**<br><br>• Select Exam Type – PT<br>• Journal No. – चालान के माध्यम से शुल्क जमा के उपरान्त बैंक द्वारा चालान की प्रति पर दिया गया नम्बर।<br>• Fee Deposited date – आवेदक द्वारा बैंक में चालान के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा करने की तारीख।<br>• Branch Code – जिस ब्रांच में आवेदक द्वारा चालान जमा किया गया है, उसका ब्रांच कोड।<br>• Fee Amount – परीक्षा शुल्क की राशि यथा 600 या 150 (बैंक कमीशन छोड़कर)<br><br>आवेदक उक्त चालान की विवरणी सही–सही अंकित करेंगे। चालान पर अंकित Registration Number एवं डैशबोर्ड पर अंकित Registration Number एक ही है, इससे भी आवेदक संतुष्ट हो लेंगें। | जन्म तिथि, परीक्षा शुल्क स्वतः प्रदर्शित हो जाएगा। उक्त विवरणी से संतुष्ट होने के बाद आवेदक ऑनलाइन भुगतान कर सकते है।<br>2. ऑनलाइन भुगतान के बाद स्टेट बैंक के वेबसाइट पर भुगतान रसीद उपलब्ध होगा जिसपर SBI Collect Reference Number अंकित होगा। अभ्यर्थी अपने पास भुगतान रसीद की प्रति सुरक्षित रखेंगे। आयोग द्वारा किसी भी समय मांगे जाने पर अभ्यर्थी को उक्त भुगतान रसीद की प्रति प्रस्तुत करना होगा।<br>3. **ऑनलाइन भुगतान के लिए दिनांक–27.10.2016 तक किया गया Registration ही मान्य होगा। दिनांक–27.10.2016 के बाद किया गया रजिस्ट्रेशन में ऑनलाइन भुगतान की सुविधा नही मिलेगी।**<br><br>4. ऑनलाइन Payment करने के बाद तत्काल उसी समय पुनः लॉग इन कर डैश बोर्ड पर नीचे Update Challan/Online payment Details में बने विभिन्न बॉक्स में Online Payment से संबंधित जानकारी भरकर "Submit" बटन पर क्लिक करेंगे।<br><br>5. आवेदक ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत उससे संबंधित सभी विवरणी " Update Challan/Online payment Details" के बॉक्स में दिनांक–31.10.2016 तक निश्चित रूप से भर लेंगे।<br><br>**नोटः–"Update Challan/Online payment Details"के बॉक्स में आवेदक निम्न प्रकार से भरेगे**<br><br>• Select Exam Type – PT<br>• Reference No. – ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत बैंक के वेबसाईट द्वारा दिया गया SBI Collect Reference No.<br>• Fee Deposited Date – आवेदक द्वारा बैंक के वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने की तारीख<br>• Branch Code – आवेदक इस बॉक्स में 0000 भरेंगे।<br>• Fee Amount - परीक्षा शुल्क की राशि यथा 600 या 150 (बैंक कमीशन छोड़कर) |

7. चालान/ऑनलाइन भुगतान की विवरणी भरने एवं Submit करने के उपरान्त आवेदक 24 घंटे के बाद login कर "Click for Application Form" के बटन पर क्लिक करेंगे, जिसके बाद आवेदन प्रपत्र खुल जाएगा।
8. आवेदन प्रपत्र में कतिपय (कुछ) बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे आवेदक द्वारा Registration के समय भरा गया है। आवेदन प्रपत्र में शेश खाली बॉक्स आवेदक भरेंगे। खाली बॉक्स को भरने के पूर्व आवेदक विज्ञापन को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर लेंगे एवं उसमें दिये गये निदेश के अनुरूप ही आवेदन भरेंगे।

9. ऑनलाइन आवेदन के अंत में आवेदक हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर तथा फोटोग्राफ निर्धारित स्थान पर अपलोड करेंगे। आवेदक सुनिश्चित हो लेंगे कि अपलोड किये जाने वाले हस्ताक्षर का साईज 15 KB तथा

60th to 62th Combined (Pre) Competitive Examination

फोटोग्राफ का साईज 25 KB से अधिक नहीं हो। हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ (.jpg/.png/.jpeg) Format में होना चाहिए। आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लेंगे कि उनके द्वारा अपलोड किया गया हस्ताक्षर एवं फोटोग्राफ का इमेज सुस्पष्ट एवं पठनीय है।

10.आवेदक Preview बटन पर क्लिक कर उनके द्वारा भरी गयी विवरणी/सूचनाओं को देख सकते हैं एवं आवश्यकतानुसार परिवर्तन कर सकते हैं, **लेकिन जो विवरणी/ सूचनाएँ रजिस्ट्रेशन करने के समय भरी गयी है, उसमें परिवर्तन नहीं हो सकेगा।**

11.आवेदक ऑनलाइन आवेदन में सभी प्रविष्टि निश्चित रूप से भरेंगे। कोई भी बॉक्स खाली रहने पर उसके प्रतिकूल फलाफल के लिए आवेदक स्वयं जिम्मेवार होंगे। **आवेदन को Submit करने से पहले आवेदक यह सुनिश्चित कर लेंगे कि सभी विवरणी/सूचनाएँ जो आवेदक द्वारा दी गयी है, वह सही एवं सुस्पष्ट है तथा उनका फोटो एवं हस्ताक्षर सही तरीके से Upload हो चुका है, क्योंकि एक बार फार्म Submit करने के बाद किसी प्रकार का परिवर्तन संभव नहीं है। आवेदक पूरी तरह से संतुष्ट होने के उपरान्त ही Submit बटन पर क्लिक करेंगें।**

12 आवेदक फार्म Submit करने के उपरान्त उसी समय पुनः Login कर सुनिश्चित कर लेंगे कि डैशबोर्ड पर "Click for Application Form" का बटन हट चुका है एवं डैषबोर्ड पर "Download Form" के टैब में PDF download का option आ गया है। अगर ऐसा नहीं हुआ है तो आवेदक पुनः आवेदन भर कर Submit करेंगें।

13. Form को Submit करने के बाद आवेदक पुनः Login कर डैशबोर्ड पर उपलब्ध टैब "Download Form" से भरा हुआ आवेदन डाउनलोड करेंगें। आवेदक इस विज्ञापन से संबंधित सभी प्रमाण पत्र, चालान की प्रति/ऑनलाइन भुगतान के रसीद की प्रति एवं डैशबोर्ड से आवेदन डाउनलोड कर हार्ड कॉपी निश्चित रूप से सुरक्षित रख लेंगे।

14.किसी भी तरह की कठिनाई होने पर विज्ञापन देखा जा सकता है तथा दिए गए कार्यालय अवधि सोमवार से शुक्रवार (राजपत्रित अवकाश को छोड़कर) तक 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक निम्नलिखित हेल्प लाइन नम्बर (दूरभाष संख्या) पर संपर्क किया जा सकता है।

TelePhone No. – 0612- 2215795, Mob No. :- +91-7544903018

**ऑनलाईन आवेदन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण निर्देशः–**

I. आवेदक यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी वांछित प्रमाण–पत्र मूल रूप में उनके पास ऑनलाइन आवेदन भरते समय उपलब्ध हैं।

II. उम्मीदवार चालान में अंकित नाम, जन्म तिथि, कोटि, परीक्षा शुल्क इत्यादि से संतुष्ट होने के उपरान्त ही बैंक में परीक्षा शुल्क जमा करेंगे।

III. ऑनलाइन आवेदन में अंकित E-mail Id, Mobile Number तथा प्राप्त User Name एवं Password को सुरक्षित रखना आवेदक की जिम्मेवारी होगी। इसे वे अंतिम परीक्षाफल प्रकाशन तक सुरक्षित रखेंगे।

IV. आवेदक यह भी सुनिश्चित कर लें कि हार्ड कॉपी के प्रत्येक पृष्ठ पर Registration Number, Bar Code एवं Submitted Application Number अंकित है। हार्ड कॉपी पर Registration Number, Bar Code एवं Submitted Application Number में से किसी एक के अंकित नहीं होने पर भी आवेदन पूर्ण रूप से भरा हुआ नहीं माना जाएगा एवं आवेदन स्वीकार्य नहीं होगा। साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लें कि चालान पर अंकित Registration Number एवं हार्ड कॉपी पर अंकित Registration Number एक ही है।

V. मात्र रजिस्ट्रेशन करने एवं बैंक में चालान जमा करने से यह नहीं माना जाएगा कि आवेदक द्वारा पूर्ण रूप से ऑनलाइन आवेदन भर लिया गया है।

VI. उम्मीदवार अपने हाल का खिंचा हुआ एक फोटोग्राफ तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर स्कैन कर ऑनलाइन आवेदन में निर्धारित स्थान में अपलोड करेंगे। उम्मीदवार संतुष्ट हो लेंगे कि अपलोड किया गया फोटोग्राफ तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी हस्ताक्षर का इमेज सुस्पष्ट है।

60th to 62th Common Combined (Pre) Competitive Examination